


दैनिक प्रातः कालीन हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001



वर्ष :- 03 अंक :- 10 मुरादाबाद, 30 April 2023 (Sunday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड़


## महराजगंज में बोले सीएम योगी, SP, BSP, कांग्रेस ने युवाओं के हाथ में दिया तमंचा, भाजपा ने टैबलेट

## बोले- मतदान में ले हिस्सा, नेपाल न जाएं



सीएम योगी ने कहा कि इंसेफलाइटिस से मौतें होती थी। किसी ने ध्यान नहीं दिया। सपा, बसपा, कांग्रेस ने ध्यान नहीं दिया। भाजपा सरकार ने इंसेफलाइटी को समाप्त कर दिया। कोरोना महामारी का मुफ्त उपचार किया गया। 15 करोड लोगों को राशन की सुविधा दी जा रही है। किसान सीना तान कर चल रहा है।सपा, बसपा,कांग्रेस ने युवाओं को तमंचा दिया, भाजपा सरकार ने टैबलेट दिया है। पहले व्यापारी झुक कर चलते थे। गुड़े माफिया सीना तान कर चलते थे। अब उल्टा हो गया है। व्यापारी सीना तान कर चलते हैं। गुड़े माफिया के गले में पट्टा पड़ गया है। वह झुक कर चलते हैं। नगरों को सुरक्षित बनाया जा रहा है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। वह शनिवार को शहर के निर्माणाधीन मंडी परिसर में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यूपी का नौजवान गर्व के साथ के कह सकता है कि मैं यूपी के महराजगंज का हूं। पहले युवाओं को पहचान छिपानी पड़ती थी। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत का मान बढ़ रहा है। लोग आशा भरी निगहों भारत की ओर से देख रहे हैं। सुडान में फंसे हो लोग वापस आए। यह पीएम मोदी के द्वारा की संभव हो पाया है। कहा कि इंसेफलाइटिस से मौतें होती थी। किसी ने ध्यान नहीं दिया। सपा, बसपा, कांग्रेस ने ध्यान नहीं दिया। भाजपा सरकार ने इंसेफलाइटी को समाप्त कर दिया। कोरोना महामारी का मुफ्त उपचार किया गया। 15 करोड लोगों को राशन की सुविधा दी जा रही है। किसान सीना तान कर चल रहा है। किसान को सम्मान, युवा को सम्मान, महिला सुरक्षा, मेडिकल कालेज, एम्स का निर्माण हो रहा है। सीएम ने कहा कि दिल्ली का पैसा जमीन पर दिखे सके, इसके लिए डबल इंजन की सरकार में पैसा दिया जा रहा है। योजनाओं का लाभ देने में किसी की जाति नहीं देखी गई। भेदभाव किसी के साथ नहीं किया गया। सीएम ने कहा कि कांग्रेस के समय में चौक बाजार तक हाथी से जाना पड़ता था, अब 10 महराजगंज से चौक जाने में 10 मिनट लगता है। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार होनी चाहिए। भाजपा सरकार में किसी भी व्यापारी को रंगदारी नहीं देनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि मतदान के सभी व्यापारी भाई मतदान में हिस्सा लें, ये नहीं कि उस दिन नेपाल घूमने चले जाएं।यूपी निकाय चुनाव को लेकर सीएम योगी दो दिवसीय दौरे पर गोरखपुर आए हुए हैं। शनिवार को उन्होंने शहर के सरस्वती विद्या मंदिर अलीनगर में व्यापारियों ने संवाद किया। उन्होंने अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की है। संबोधन के दौरान सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार होनी चाहिए। भाजपा सरकार में किसी भी व्यापारी को रंगदारी नहीं देनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि मतदान के सभी व्यापारी भाई मतदान में हिस्सा लें, ये नहीं कि उस दिन नेपाल घूमने चले जाएं। व्यापारी सम्मेलन को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि माफिया पहले गुंडा टैक्स और रंगदारी मांगते थे। आज वे अपनी जान की भीख मांग रहे हैं। आज यूपी के साथ गोरखपुर एक नए बदलाव के साथ आगे बढ़ रहा है। 2017 से पहले माफिया गिरी होती थी। गुंडा टैक्स वसूला जाता था, गरीबों की जमीन कब्जा होती थी। व्यापारियों से रंगदारी वसूली जाती थी। व्यापार करना मुश्किल था, यही वजह है कि व्यापारी यहां निवेश करने में कतराते थे। आज यूपी में कानून का राज स्थापित है। व्यापारी बेखौफ होकर व्यापार कर रहे हैं। लगातार यूपी में निवेश हो रहा है। क्योंकि व्यापारियों को यह एहसास हो चुका है कि यूपी से ज्यादा सुरक्षित कोई जगह नहीं है

## गैंगस्टर एक्ट: मुख्तार के बाद अफजाल अंसारी भी दोषी करार, 4 साल की सजा, संसद सदस्यता भी खत्म



गैंगस्टर एक्ट के मामले में गाजीपुर की एमपी एमएलए कोर्ट ने मुख्तार अंसारी को दोषी करार देते हुए दस साल की सजा सुनाई है। साथ ही पांच लाख का जुर्माना भी लगाया गया है। इसमें मामले में कोर्ट ने सांसद अफजाल अंसारी को भी दोषी करार देते हुए चार साल की सजा सुनाई है।माफिया मुख्तार अंसारी पर गैंगस्टर मामले में गाजीपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट का फैसला आ गया। कोर्ट ने मुख्तार अंसारी को दोषी करार देते हुए दस साल की सजा सुनाई है। साथ ही पांच लाख का जुर्माना भी लगाया गया है। साथ ही कोर्ट ने सांसद अफजाल अंसारी को भी दोषी करार किया है। कोर्ट ने अफजाल अंसारी को चार साल की सजा सुनाई है साथ ही एक लाख का जुर्माना भी लगाया गया है। दो साल से ज्यादा की सजा होने के कारण अफजाल अंसारी की संसद सदस्यता भी खत्म हो गई। बता दें कि शनिवार सुबह से ही गाजीपुर के एसपी कार्यालय के बाहर न्यायालय जाने वाले मार्ग को बैरिकेडिंग कर आवागमन रोक दिया गया था। पीएसी और पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई थी। वहीं, न्यायालय में फैसला आने को लेकर गाजीपुर सांसद अफजाल अंसारी सुबह 10.45 बजे कोर्ट में पहुंच गए थे। मुख्तार अंसारी बांदा जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े।

### क्या है मामला ?

एमपी/एमएलए कोर्ट में चल रहे इस मामले में बीते 15 अप्रैल को फैसला आना था। न्यायाधीश के अवकाश में होने के चलते फैसला नहीं आ पाया था। ऐसे फैसले के लिए 29 अप्रैल को तारीख नियत की गई थी। वर्ष 2007 के इस मामले में बीते एक अप्रैल को बहस और सुनवाई पूरी कर ली गयी थी और 15 अप्रैल को फैसला होना था। अफजाल अंसारी, मुख्तार अंसारी के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत एमपी/एमएलए कोर्ट में चल रहे इस केस में बीजेपी विधायक कृष्णानंद राय हत्याकांड केस गैंग चार्ट में शामिल है। जबकि नन्दकिशोर रूंगटा के अपहरण और हत्या का केस भी गैंग चार्ट में शामिल है। 29 नवंबर 2005 को गाजीपुर के भांवरकोल थाना अंतर्गत सियाड़ी गांव में भाजपा विधायक कृष्णानंद राय सहित सात लोगों पर एके-47 जैसे अत्याधुनिक असलहों से लगभग 400 राउंड से ज्यादा फायरिंग कर उनकी हत्या कर दी गई थी। सातों लोगों का शव पोस्टमार्टम के लिए बीएचयू लाया जाने लगा तो भाजपा विधायक के समर्थक उग्र हो गए थे और जगह-जगह तोड़फोड़ व हिंसा की गई थी।

## थकी-हारी कांग्रेस नहीं, जोश से भरी भाजपा को चुनेगी जनता, बेलगावी व विजयपुर की सभा में बोले पीएम




पीएम ने कहा कि अस्थिर सरकारों के कालखंड से कर्नाटक का बहुत नुकसान हुआ है। कर्नाटक जैसे समृद्ध महान परंपरा वाले राज्य में अस्थिर सरकार के कारण यहां के युवाओं के सपने चूर-चूर हो गए। कर्नाटक को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए भाजपा ही एक स्थिर और मजबूत सरकार दे सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कर्नाटक के हुमुनाबाद, बेलागावी और विजयपुरा में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। बेलगावी में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा, 卐यहां विकसित भारत के लिए विकसित कर्नाटका का मंत्र गूंज रहा है। कुछ महीने पहले मुझे यहां आने का अवसर मिला था। तब पूरे रास्ते माताओं और बहनों ने मुझपर जिस तरीके से अपना आशीर्वाद बरसाया मैं उसे कभी भूल नहीं सकता। पीएम ने चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा आपका इतनी बड़ी संख्या में यहां आना... आपका यह अपार स्नेह...आपका यह अपनापन मुझे कर्नाटक के लिए कुछ कर गुजरने की प्रेरणा देता है। आज मैं आपके बीच बीजेपी के एक समर्पित कार्यकर्ता...आपके एक साथी के रूप में आया हूं। पीएम ने कहा, आप कार्यकर्ताओं ने बीजेपी के विस्तार और विचार को अपने परिश्रम से सींचा है। आपने एक छोटे से पौधे को वटवृक्ष बनाने में बहुत बड़ा सहयोग दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कर्नाटक में परंपरा भी है और तकनीक भी। यहां स्टार्टअप्स और संस्कृति को एक साथ मजबूत करने की जरूरत है। कर्नाटक वह अद्भुत भूमि है जहां भारत की प्राचीन और आधुनिक पहचान एक साथ मिलती है और समृद्ध होती है। पीएम बोले- अस्थिर सरकार के कारण कर्नाटक के युवाओं के सपने चूर-चूर हो गए- पीएम ने कहा कि अस्थिर सरकारों के कालखंड से कर्नाटक का बहुत नुकसान हुआ है। कर्नाटक जैसे समृद्ध महान परंपरा वाले राज्य में अस्थिर सरकार के कारण यहां के युवाओं के सपने चूर-चूर हो गए। कर्नाटक को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए भाजपा ही एक स्थिर और मजबूत सरकार दे सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, हमने हमेशा जन सेवा को राष्ट्र सेवा माना है। जनता को जनार्दन का रूप माना है। आज जब बेलगावी आया हूं तो आपके बीच इसी भाव के साथ आया हूं। 10 मई को आपको कर्नाटकाको देश का नंबर 1 राज्य बनाने के लिए वोट करना है। 10 मई को आपको कर्नाटका में डबल इंजन सरकार की वापसी के लिए वोट करना है। वहीं कर्नाटक के विजयपुर में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जिस कांग्रेस ने भगवान बसवन्ना के शिक्षा को कुछ नहीं समझा, जिसने बाबा साहेब अंबेडकर का हमेशा विरोध किया, वो कांग्रेस कभी भी दलितों, पिछड़ों का भला नहीं कर सकती। कांग्रेस ने गरीबी हटाओ के नाम पर योजनाएं शुरू कीं, पर लाभ बिचौलियों को मिला- पीएम ने कहा, कांग्रेस ने गरीबी हटाओ के नाम पर कई योजनाएं शुरू की मगर लाभ बिचौलियों और भ्रष्टाचारियों को मिला। असली लाभार्थी तक तो उसका हक पहुंचा ही नहीं था। कांग्रेस के प्रधानमंत्री ने कहा था कि केंद्र से 1 रुपया भेजते हैं तो सिर्फ 15 पैसा पहुंचता है मगर 85 प्रतिशत भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है। कर्नाटक की माताओं-बहनों और बेटियों ने कांग्रेस सरकार की लापरवाही और अनदेखी की वजह से सबसे ज्यादा तकलीफें झेली हैं। कांग्रेस ने कभी महिलाओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य और उनके रोजगार की चिंता नहीं की। पीएम ने कहा, मुझे यकीन है कि कर्नाटक की जनता थकी और हारी कांग्रेस को नहीं बल्कि जोश से भरी भाजपा की टीम को अवश्य चुनने वाली है। कांग्रेस के एक नेता अपनी सेवानिवृत्ति के नाम पर वोट मांग रहे। उन्होंने कांग्रेस नेता सिद्धारमैया पर निशाना साधते हुए कहा, कांग्रेस के एक नेता अपनी सेवानिवृत्ति के नाम पर वोट मांग रहे हैं। यह उनका सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा है। %यह मेरा आखिरी चुनाव है। मुझे एक मौका दीजिए। पीएम ने कहा वे कितनी दयनीय स्थिति में पहुंच गए हैं!

## यूपी निकाय चुनाव: सपा सरकार के काम बताकर वोट मांगेंगे अखिलेश यादव, पार्टी ने बनाई रणनीति



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव लखनऊ में सपा सरकार के दौरान कराए गए विकास के कार्यों को बताकर जनता से वोट मांगेंगे। इसके लिए वह एक व दो मई को मेट्रो में सफर करेंगे।सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव मेट्रो से सफर और रिवर फ्रंट पर सैर करके आम जनता को सपा सरकार के समय की उपलब्धियां बताएंगे। इसके माध्यम से वह निकाय चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों के लिए वोट देने की अपील करेंगे। इस बारे में प्रदेश सपा मुख्यालय पर हुई बैठक में अखिलेश ने अपनी रणनीति के बारे में बताया। भाजपा और उसकी सरकार पर असली मुद्दों पर चर्चा न करने का आरोप भी लगाया। साथ ही शासन-प्रशासन पर सरकार के इशारे पर काम करने की बात भी कही। निकाय चुनाव के मद्देनजर अखिलेश यादव 1 या 2 मई को लखनऊ मेट्रो में सफर और रिवर फ्रंट की सैर करेंगे। अखिलेश ने लखनऊ नगर निगम के 110 वार्ड के प्रभारियों संग बैठक की।उन्होंने कहा कि लखनऊ में सपा सरकार में बनी मेट्रो के बाद इसका कोई विस्तार नहीं किया गया। निकाय चुनाव में शासन-प्रशासन भाजपा सरकार के इशारे पर काम कर रहा है। खुद मुख्यमंत्री भी नगर निकाय चुनावों में बुनियादी मुद्दों पर चर्चा नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा नगरीय विकास के बारे में भाजपा चर्चा क्यों नहीं करती है।

## संपादकीय Editorial

## Elections have come, poison has come

Congress President Mallikarjun Kharge has once again abused the Prime Minister of the country. He has termed the Prime Minister as a 'poisonous snake' and said that if you taste its poison, you will die.' Kharge later clarified that he had called the Prime Minister's ideology a 'snake'. If anyone got hurt anyway, they are sorry. This trend is going to kill someone and beckon. The tradition of abusing and humiliating the Congress is old. In March 2023 itself, the Congress President had called the Prime Minister a 'dictator'. Prior to that, during the Gujarat elections, Kharge had said in a hateful manner that Modi is a '10-headed Ravana'? He has called Prime Minister Modi the 'Sardar of liars' many times. In 2014, Narendra Modi had just been elected the Prime Minister of the country that a senior Congress leader had called him a 'snake'. Many Congressmen have used indecent, obscene, dignified and indecent abuses for the Prime Minister. We have repeatedly analyzed that this is not freedom of expression. There must be restraint of words, language and tongue. The Prime Minister also used some objectionable adjectives, but they were confined to the elections. However, they were not abusive words. He was certainly sarcastic, but the Prime Minister has not repeated those words. The Congress has set itself a 'hate agenda' towards Prime Minister Modi. Politics cannot be done with vengeance. This is the devaluation of democracy. Congress President Kharge compared the Prime Minister to a 'poisonous snake' while addressing a public meeting during the Karnataka elections. Does Congress want to win and gain power by contesting elections on this basis? Prime Minister Modi is also an elected representative of a population of over 142 crores. Did the public give mandate to the 'poisonous snake'? Does abusing the Prime Minister not mean abusing the people and democracy of the country? Is there any scope for such abuses in democracy and constitution? We are constantly seeing that whenever elections come, the leaders and spokespersons of the party including the Congress President start spewing venom. It could also be his political frustration. As Congress President, Sonia Gandhi had abused the then Chief Minister of Gujarat and the current Prime Minister Modi by calling him a 'merchant of death'. The whole election has been cleared. 'Khoon ki dalali' and 'poison farming' were also said. As the party chief, Rahul Gandhi ran the entire campaign of the 2019 Lok Sabha elections on the same slogan – 'Chowkidar Chor Hai'. Prime Minister Modi has been considering himself as the 'Chowkidar' and 'Pradhan Sevak' of the country. Apart from these leaders, there is a long list of leaders like Mani Shankar Aiyar, Jairam Ramesh, Pramod Tiwari, Shashi Tharoor, Subodhkant Sahay, Sanjay Nirupam, Renuka Aiyar, who have continuously used hateful and venomous words for the Prime Minister. The result is that the Congress is continuously getting defeated. Some states have governments. Elections are to be held in Rajasthan and Chhattisgarh this year itself. Karnataka is a very sensitive state. If the Congress fails to win the elections here, it will become 'irrelevant' across the country. The question is whether Karnataka's intricacies and problems can be solved by abusing the Prime Minister? Congress does not even have enough MPs in the Lok Sabha that the leader of the Congress Parliamentary Party can be given the status of 'Leader of the Opposition'. We are questioning all parties whether there is any need for poisonous tongues and poisonous statements in elections. Elections are fought on public issues.

# Crown or burden of huge population on the head of India?

According to the United Nations World Population Dashboard 2023, the population of India has increased to 142.86 crore, which is slightly more than the estimated population of China of 142.57 crore. India snatching the crown of the most population from China may be a good sign for some thinkers, but Overall, it is not a matter of happiness but a matter of concern because India has not got a gift but the burden of population, which should not be seen from economic and political point of view, but from the point of view of carrying capacity of the country and especially from the point of view of the bearing power of the earth. Is required. According to the United Nations World Population Dashboard 2023, the population of India has increased to 142.86 crore, which is slightly more than the estimated population of China of 142.57 crore. Although the decennial census has not yet started. This explosion of population in India is at a time when the fertility rate per woman is decreasing in the country. Benefits of overpopulation: Scholars like American economist Julian Simon, Swedish statistician Hans Rosling and Danish economist Esther Bjorp consider overpopulation favorable for the progress of any country. They argue for the notion that a large population can give a country greater political influence and bargaining power on the global stage, and that a country with a large population can become an economic superpower because it has more resources to produce and sell goods and services. There is a huge market for This will lead to economic development and employment opportunities will increase. These scholars are of the opinion that with the increase in the population, the labor force will also increase along with the increase in the consumer market, which will also increase the rate of economic growth. Although economists like Malthus believed that population explosion would directly increase the pressure on resources, which could lead to poverty and famine-like conditions. But Bojerp believes that as population density increases, farmers are forced to adopt more intensive farming techniques and develop new technologies to increase yields. Julien Simoun similarly argues that a growing population creates more opportunities for innovation and entrepreneurship, leading to increased productivity and economic growth. Rosling argues that a growing population can be a positive force if it is accompanied by improvements in education, health care, and economic growth. He believed that a larger population could lead to greater creativity and diversity of ideas, which could lead to greater innovation and progress. The Prime Minister said that the future crisis is population explosion - on the other hand, if you look at the population growth through the mirror of the carrying capacity of the earth, then definitely there are more disadvantages than benefits in this explosion. That is why Prime Minister Narendra Modi himself, in his speech given from the ramparts of the Red Fort on 15 August 2019, had described population growth as a crisis for future generations. The Prime Minister said that "Our country has reached a time in which we no longer need to hide ourselves from many things. There is one such topic that I want to clarify from the Red Fort today, and that topic is , Wildly population explosion happening here. This population explosion creates many new problems for us, for our future generation. The Prime Minister expressed this concern when the country was lagging behind China in terms of population growth. According to the United Nations Population Agency, the population of India can reach 163 crores by 2040 and 166 crores by 2026. However, there has been a pause followed by signs of decline. Because the fertility rate per woman is decreasing in India. The greater the burden, the greater the burden - Population imbalance or explosion can be considered as a burden on the earth, as it puts enormous pressure on the resources of the planet, causing various environmental, social and economic challenges. When the population of a region or country exceeds its carrying capacity, many problems arise. India has become the most populous country in the world, so more problems can arise in front of it. Worst effect on environment- Experience shows that overpopulation puts pressure on resources like water, land and energy. As a result, there is scarcity of resources in India. The impact can be seen especially in urban areas with high population density. This problem has contributed to environmental degradation in India. Overpopulation can lead to deforestation, pollution, and other forms of environmental degradation. These have negative effects on ecosystems and contribute to climate change. Due to high population there has been rapid urbanization in India and the cities are becoming increasingly congested. This has resulted in issues such as housing shortage, traffic congestion, and inadequate access to basic services such as health care and sanitation. Imbalance of population is also the root cause of problems – population growth in India is increasing poverty and inequality. The country has a large population of people living below the poverty line, and the overpopulation makes providing access to basic services and employment opportunities more challenging. The overpopulation puts a significant strain on the healthcare system in India, especially in rural areas. There is a shortage of medical professionals and resources, and many people do not have access to basic health services. Overpopulation can lead to political and social instability, and this has been observed in India. The country has a diverse population, and the existing tensions between different population groups can increase. Serious challenge for India- Being the most populous country, it is indeed a serious challenge for India. To address these challenges, India needs to develop a comprehensive approach and strategy that takes into account various factors such as resource management, urban planning, health care, social and economic development. This will require infrastructure and services as well as policies that balance sustainable population growth and development. Overall, the Government of India has taken several measures for population control, but the results of these measures have been mixed. Although India's population growth rate has slowed in recent years due to falling fertility rates, it is still one of the highest in the world, and more efforts are needed to slow population growth and ensure sustainable development.

# Yes, dance is my passion, I am lucky that my hard work got so much love from the audience



Famous Hindi cinema actress Vani Kapoor loves to dance. Having pulled off powerful dance moves and tricky steps in chartbusting and trend setting songs from her films 'Befikre' and 'War', she finds dancing to be one of the best qualities of being a heroine in Indian films. Vaani says, “Our Indian film industry is truly the best because a good actor should not only know how to pull off every scene but also dance well. According to Vaani Kapoor, dance is part of our films as well as in them. The lives depicted are very natural to the culture and traditions. I am fortunate to be a part of the glitzy industry where song and dance are celebrated in a grand fashion and I am also grateful to have some of the biggest dance hits of all time to my credit. have come Blockbuster songs like 'Ghungroo' from 'War', 'Nashe Si Chadh Gayi' or 'Ude Dil Befikre' from 'Befikre' still give me immense pleasure." If Vaani is to be believed, while preparing to shoot a song, she gives her 100 per cent effort to strike the right mood, tone and moves while rehearsing for that song. And when on- She gets even more excited to give her best when it comes to whipping up a dance number on screen. "The audience and the industry have showered me with so much love and appreciation for my songs. I am thankful to them," says Vaani. I will always believe that. I think dance is a wonderful way to express my feelings. And I constantly do the same through dance. Dance gives me complete freedom to show the inner feelings of a person as an artist I never took any training in dance until I stepped into the Hindi film industry, so, whatever recognition I have got for my dance, it is even more comforting.' When asked about the practice, Vaani says, 'I remember I had to work really hard while shooting for all these songs. For several hours, I kept doing the same steps over and over to avoid any retakes. I gave my all to these songs. And I am happy that they have become super duper hits.' Vaani Kapoor will soon be seen in a web series 'Mandla Murders' and an upcoming film by Maddock Films.

# 10वीं-12वीं के अंक भविष्य निर्धारित नहीं करते, मन की बात सुनें और लक्ष्य साधें



मुरादाबाद- बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक आना अच्छी बात है, लेकिन यह ज्यादा मायने रखाते। असल में 12वीं कक्षा के बाद जिंदगी की कसौटी का दौरा शुरू होता है। प्रतियोगिता के इस दौर में कड़ी प्रतिस्पर्धा की वजह से कई विद्यार्थी हतोत्साहित होने लगते हैं। ऐसे में सफल वे हो पाते जो हौसला और हिम्मत नहीं हारते। कई बार ऐसा होता है कि हम मेहनत बहुत करते हैं, लेकिन हमारी योजना में कहीं कमी रह जाती है। हम अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसके लिए रणनीति के साथ तैयारी करेंगे तो सफलता को पाने से कोई रोक नहीं सकता। मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव का कहना है कि हाईस्कूल, इंटर में हम टॉपर रहे थे। आईएएस, पीसीएस अधिकारी बनने के लिए 10वीं और 12वीं के अंक से ज्यादा उसके आगे की पढ़ाई और अपनी आत्मनिर्भरता जरूरी है। यह जिंदगी के दोनों पड़ाव से समाज और परिवार के लोग बच्चों से जितने अंक लाने की अपेक्षा करते हैं, वास्तविकता में उसकी इतनी जरूरत नहीं है। जरूरत है बच्चे के तय लक्ष्य में परिवार के लोगों का साथ देना। 12वीं के बाद आप अपने लक्ष्य के प्रति ईमानदारी से मेहनत करें और पढ़ाई को गंभीरता से लेने के साथ उसका आनंद भी लें। पढ़ाई के साथ समाज की और चीजों देश-दुनिया और अपने इतिहास के बारे में भी जानकारी रखें। जरूरी नहीं है हाईस्कूल और इंटर में टॉप करने वाले बच्चे आईएएस व पीसीएस बन ही जाए। इस दौर में ऐसे बहुत से उदाहरण है, जो आईएएस, पीसीएस के पद पर बैठने के बाद देश और समाज को अपनी सेवाएं दे रहे हैं। हाईस्कूल व इंटर में कम अंक लाने वाले बच्चों को हिम्मत नहीं हारनी चाहिए।

### डीपीआरओ बोले- समाज, परिवार की सुनने के बाद मन की बात सुनें और लक्ष्य साधें

बच्चों के साथ मां-बाप अपनी मर्जी न थोपे। उनके के मन की बात भी सुनें। कम अंक आने पर बच्चे खुद दूसरों से कमजोर न समझें। जिंदगी की परीक्षा तो 12वीं के बाद ही शुरु होती है। 10वीं और 12वीं में कम अंक प्राप्त करने वाले बच्चे अपने आप को दूसरों से कमजोर समझने लगते हैं, जो कि बिल्कुल गलत है। एक परीक्षा के आपके पूरे जीवन को फैसला नहीं करती। इस पर जिला पंचायत राज अधिकारी अभय कुमार यादव ने अपना उदाहरण दिया। उन्होंने बताया कि इससे यह तय नहीं होता कि जीवन में आप क्या कर सकते हैं और क्या नहीं कर सकते। मैंने हाईस्कूल 2001 में किया और 74 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। 2003 में 12वीं में 69 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। स्नातक में पहले साल में छात्र नेता बने। इसके कारण प्रथम वर्ष फेल हो हुए, मात्र 48 प्रतिशत अंक मिले थे। इसके बाद अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित किया। लक्ष्य आईएएस की परीक्षा पास करना था, हालांकि माता-पिता चिकित्सक या अध्यापक बनाना चाहते थे। जिस दिन मेरा आईएएस में चयन हुआ। उस दिन पिता ने मुझसे बीएड करने के लिए कहा। जब मैंने बताया कि आईएएस में चयन हो गया है तो पिता की आंखें खुशी के आंसुओं से भर आईं। इस तरह ही अक्सर मध्यम वर्ग के लोग भी अपने बच्चों के लिए उच्च पद की नौकरी का सपना देखते हैं। इसे देखते हुए बच्चा किसी भी हाल में जल्द से जल्द सरकारी नौकरी पाने के प्रयास में रहता है। ऐसे में इन दोनों पढ़ाव पर सफलता प्राप्त होने से बच्चे मायूस न हों। बल्कि अपने लक्ष्य के प्रति और संजीदा मेहनत करें।

# गुड बाय गाइज... यह मेरा आखिरी वीडियो, पोस्ट शेयर करते हुए मुस्कान ने दिया था संकेत



मुरादाबाद- मौत को गले लगाने से पहले फैशन डिजाइनर मुस्कान नारंग ने सोशल मीडिया के इंस्टाग्राम प्लेटफार्म 59 सेकेंड का एक वीडियो शेयर किया। जिसमें मुस्कान ने खुदकुशी करने के संकेत भी दे दिए थे। मुस्कान के परिजन व करीबी होनहार बेटी के मन का मलाल भांप नहीं सके। प्रतिफल रहा कि मुस्कान ने मौत को गले लगा लिया। मुस्कान सोशल मीडिया पर सक्रिय थी। इंस्टाग्राम पर मुस्कान नारंग 99 नाम से उसने अपनी आइडी बनाई थी। गुरुवार को कार ड्राइविंग के दौरान मुस्कान ने एक वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर शेयर किया। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर मौजूद वीडियो में मुस्कान अपने फालोअवर को संबोधित कर रही है। वीडियो की मदद से मुस्कान ने कहा कि ( हाय गाइज...तो आज ए मेरी आखिरी वीडियो होगी। इसके बाद शायद आप मुझे देख न पाएं। लोग बोलते हैं कि अपने प्राब्लम शेयर करो। शेयर करने से सब कुछ सही हो जाता है। बट ऐसा कुछ नहीं है। मैनें बहुत कोशिश की। सबको समझाने की कोशिश की।बहनों को, पैरेंट्स को, दोस्तों को, लेकिन सब उल्टा मुझे समझाने लगे। जो मैं आज कर रही हूं सब, सब अपनी मर्जी से कर रही हूं। इसमें कोई इन्वालमेंट नहीं है किसी का। तो आप प्लीज किसी और को ब्लेम न करें। मेरे जाने के बाद। मतलब लोग बोलते हैं कि तुम में सेल्फ कान्फिडेंस नहीं है। तुम में ए नहीं है, तुममे वो नहीं है। बहुत सेल्फ कान्फिडेंस है यार मुझमें। बहुत ज्यादा। आज निकल गई हूं चाबी ले के। बहुत समझाया सबको चला लूंगी गाड़ी। कोई नहीं मानता। सीट बेल्ट लगा ली है और चाबी लगा रही हूं.... ) वीडियो के बावत परिजनों से जानकारी हासिल करने की कोशिश हो रही है। फिलहाल मृतका के परिजन पूछताछ में सहयोग नहीं कर रहे। पुलिस यह जानने की कोशिश में जुटी है कि मुस्कान नारंग ने आखिरकार आत्मघाती कदम क्यों उठाया? अर्पित कपूर, सीओ सिविल लाइंस

# कमिश्नर की अध्यक्षता में मण्डलीय उद्योग बंधु समिति की बैठक कमिश्नरी सभागार में सम्पन्न

क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद -आयुक्त सभागार में मण्डलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मण्डलीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सोर्सिंग हब संचालित किये जाने के सम्बन्ध मे सचिव एम0डी0ए0 द्वारा अवगत कराया गया कि बोर्ड की बैठक में प्राधिकरण द्वारा स्वयं सोर्सिंग हब के संचालन के सम्बन्ध मे प्रस्ताव पास हो गया है तथा इस सम्बन्ध मे अग्रेत्तर कार्यवाही की जायेगी। रामपुर रोड, एकता विहार, कबीर नगर, काशीपुर तिराहा पर पानी निकासी हेतु आर0सी0सी0 नाले का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में सचिव एम0डी0ए0 ने अवगत कराया कि इस सम्बन्ध में डी0पी0आर0/आगणन तैयार कराया जा रहा हैं। शीध्र ही इस सम्बन्ध में अग्रेत्तर कार्यवाही की जायेगी। मौहम्मदपुर बस्तोर सम्भल रोड, मुरादाबाद पर नाले के निर्माण के सम्बन्ध में अध्यक्ष द्वारा मुरादाबाद विकास प्राधिकरण को उक्त का स्थलीय निरीक्षण किया जा चुका है। स्थल पर लगभग 300 मी0 लम्बाई मे नाले का निर्माण जिला पंचायत मुरादाबाद द्वारा करा दिये जाने के क्रम में धनराशि कम करते हुये वर्तमान दरों पर पुनरीक्षित आगणन तैयार करने की कार्यवाही की जा रही हैं। जनपद मुरादाबाद में कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा 100 बेड का चिकित्सालय स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में राज्य कर्मचारी बीमा निगम मुरादाबाद के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि इस सम्बन्ध मे उपजिलाधिकारी सदर मुरादाबाद के द्वारा तहसील के पास अस्पताल के लिये स्थान प्रस्तावित किया गया है, जिस सम्बन्ध मे अग्रेत्तर कार्यवाही की जा रही है। जनपद सम्भल मे गंगा एक्सप्रेस मार्ग के पास इण्डस्ट्रीयल एरिया स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में यूपीएसआईडीसी के प्रतिनिधि को निर्देश दिये गये कि एस0डी0एम0 सम्भल से एक्सप्रेस मार्ग के पास ग्राम खिरनी/पवासा/ग्राम अतरासी एवं ग्राम जंगलपुर में भूमि की जानकारी गाटा संख्या सहित प्राप्त कर ले तथा इस सम्बन्ध मे आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। एस0ई0जेड की सड़को की मरम्मत के सम्बन्ध में लोक निर्माण विभाग के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि एस0ई0जेड0 की सड़को की मरम्मत एवं पानी भराव की समस्या के निस्तारण हेतु संयुक्त टीम ने कार्यस्थल का निरीक्षण किया गया है। मण्डलायुक्त ने लोक निर्माण विभाग एवं एन0एच0ए0आई0 के अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि वे शीघ्र एस0ई0जेड की सड़कों को दुरूस्त करना सुनिश्चित करें। मण्डलायुक्त द्वारा कहा गया कि उद्योग को बढ़ावा देने के लिये मुरादाबाद मण्डल का इन्फस्ट्रकचर को अच्छा करना अत्यन्त आवश्यक हैं। उन्होंने कहा की उद्यमियों की समस्याओ के निवारण के लिये सिंगल विण्डो सिस्टम जारी किया गया है तथा उद्यमियों की जो भी समस्याएं है उसका गुणवत्तापूर्वक समाधान किया जायेगा। शासन के भी स्पष्ट निर्देश है कि जो भी अधिकारी इस सम्बन्ध मे ढिलाई बरते उस पर सख्त कार्यवाही की जाये। मुरादाबाद मण्डल के आर्टिजन्स एवं उद्यमियों के लिये जो भी सम्भव हो सकेगा प्रशासन द्वारा वह सभी कदम उठाये जायेगें। आयुक्त द्वारा सभी को आश्वासन दिया गया कि मुरादाबाद मण्डल की इण्डस्ट्रीज की प्रगति उनकी प्राथमिकता हैं, जिसके लिये वह अवस्थापना सुविधाओ को और अधिक सुदृढ़ करना चाहते है। मण्डलायुक्त ने कहा कि निर्यातक एसोसियेशन तथा प्रशासन के बीच संवाद बना रहे जिससे वह एक दूसरे की मंशा को समझ सकें। गली मौहल्लों में भट्टियो के कारण बीमारियां जन्म ले रही है जिस कारण कोयले की भट्टीयों को गैस आधारित भट्टियां में परिवर्तन कराये जाने की कार्यवाही की जायेगी जिसके लिये सभी के सहयोग की आवश्यकता है। मण्डलायुक्त द्वारा सभी अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि शहर में जो भी कार्य किए जाएंगे, पूरी व्यवस्था एवं गुणवत्ता के साथ किए जाये। बैठक में श्री वी0एन0यादव अपर आयुक्त (प्रशासन) मुरादाबाद, श्री राजीव पाण्डेय सचिव मुरादाबाद विकास प्राधिकरण, श्री संजय कुमार गुप्ता, अधीक्षण अभियन्ता (विधुत), मुरादाबाद क्षेत्र, श्री विकास मिश्रा क्षेत्रीय प्रबन्धक, प्रदूषण विभाग, श्री देश दीपक सिंह, सी0ओ0 कोतवाली, श्री विशाल दीक्षित लीड बैंक अधिकारी, श्री सुभाष कुमार मुख्य अग्निशमन अधिकारी तथा मण्डल के विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं निर्यातक संगठनों, हस्तशिल्प एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भाग लिया गया।

# खूनी संघर्ष में तीन सगे भाइयों समेत चार दोषियों को 10-10 साल की कैद, कोर्ट ने जुर्माना भी लगाया

मुरादाबाद- शहर के असालतपुरा में जमीनी विवाद में हुए खूनी संघर्ष में कोर्ट ने तीन सगे भाइयों समेत चार लोगों को 10-10 साल की सजा सुनाई हैं। कोर्ट ने दोषियों पर जुर्माना भी लगाया हैं। थाना गलशहीद के असालतपुरा में छह मई 2019 को जमीन पर कब्जे को लेकर हुए विवाद के बाद रईस ने हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था, जिसमें कहा गया था कि उसके भाई सईद का एक प्लाट असालतपुरा में है, जिस पर मोहल्ले के शाहिद, उसकी पत्नी मेम उर्फ परवीन, उसका छोटा बेटा दानिश उर्फ लाला, नाजिम व साजिद कब्जा करना चाहते थे। जिसके चलते रईस का भतीजा जाफर सईद और जुनैद प्लाट पर गए थे। वहां महिला मेम मौजूद थी। उसने दानिश को बुला लिया। उसके साथ कुनबे का अमन तौसीफ भी आया। इन लोगों ने अचानक हमला कर दिया। फायरिंग की आवाज से तमाम लोग इकट्ठा हो गए। जिसके बाद हमलावर भाग गए। फायरिंग में रईस का भतीजा जाफर सईद व जुनैद बुरी तरह से घायल हो गए। जाफर को दिल्ली व जुनैद को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस मामले की सुनवाई एडीजे छह रणजीत कुमार की अदालत में चल रही थी। डीसी वर्मा ने अभियोजन साक्ष्य प्रस्तुत किए। बाकी तीन सगे भाई दानिश, साजिद व नाजिम के अलावा परिवार के अमन तौसीफ को अदालत ने रिपोर्ट व गवाहों के साक्ष्य के आधार पर दोषी मानकर 10-10 साल की सजा सुनाई। तौसीफ व साजिद पर 20-20,000 व मुख्य आरोपी दानिश व नाजिम पर 25-25,000 रुपये का जुर्माना लगाया है। हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट से नाजिम की जमानत अर्जी खारिज- मुरादाबाद। चार साल पहले हुए हमले में गोली लगने से घायल जाफर सईद ने बताया कि असालतपुरा में हमलावरों ने सरेशाम ताबड़तोड़ फायरिंग की थी। जिसमें आरोपी नाजिम की हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट से भी जमानत अर्जी खारिज हो गई।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक सम्पन्न

क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद - कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा संरक्षण समिति के संबंध में बैठक आहूत की गयी, जिसमें नमामि गंगे योजना के अर्न्तगत कार्यो की प्रंगति/प्रचलन एवं अनुश्रवण तथा जिला सीमा के भीतर नदियों में तरल और ठोस अपशिष्ट लाने वाले नालों की निगरानी के संबंध में समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने बताया कि प्राकृतिक जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाये तथा व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये, जिससे लोगों में जैविक खेती के लिए जागरुकता लाई जा सके, जैव विविधता का संरक्षण हो सके तथा उन्होंने कहा कि वनरोपण व नदी घाट पर आधारित पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु कार्यो को प्रोत्साहित किया जाये। उन्होंने बताया कि घाटो का रख-रखाव अच्छे से किया जाये तथा स्वच्छता पखबाडा, वनीकरण अभियान, कैच द रैन अभियान आदि संबंधित गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाये।

जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि नगर निगम व विभिन्न नगर पालिकाएं साथ मिलकर कार्य करें तथा अपने कर्तव्यों का अच्छे से निवर्हन करें। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण विभाग ई-वेस्ट की समस्या को गम्भीरता से लेकर कार्य करें। जिलाधिकारी ने कहा कि नगर पालिका तथा नगर पंचायतें अपने- अपने क्षेत्रों में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपस में सामन्जस्य बनाकर कार्य करें और साइट वेस्ट मैनेजमेंट को कैसे बेहतर बनाया जाये इस पर निरन्तर विचार एवं कार्यवाही की जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, डीएफओ, जिला गंगा समीति के सदस्य, अधिशासी अभियन्ता जल निगम, सहित नगर निगम, विद्युत, प्रदूषण नियन्त्रण विभाग, विभिन्न एनजीओ आदि उपस्थित रहे।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

# इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी भवन का किया लोकार्पण



अरविन्द कुमार यादव
क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती - श्रावस्ती इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जनपद श्रावस्ती के कार्यों से प्रभावित होकर संस्था की प्रदेश महासचिव डॉ हिमाबिंदु नायक ने जनपद श्रावस्ती का दौरा किया। उन्होंने जिलाधिकारी/अध्यक्ष नेहा प्रकाश के साथ सर्वप्रथम जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण किया। इसके उपरांत इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी की प्रदेश महासचिव ने जिलाधिकारी के साथ उच्चीकृत रेडक्रॉस भवन का फीता काटकर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन किया। इस भवन में रेडक्रॉस पदाधिकारियों के बैठने दैनिक गतिविधियों के संचालन व मेडिकल कैंप आयोजन की सुविधाएं उपलब्ध हैं। यहां एक साथ दो मेडिकल कैंप आयोजित किए जा सकते हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ हिमाबिंदु नायक ने चरक हास्पिटल लखनऊ द्वारा संचालित हो रहे निशुल्क हृदय रोग शिविर का भी उद्घाटन किया। इस शिविर में डॉ आदेश कुमार सिंह ( डीएम कार्डियोलॉजी ) द्वारा 104 मरीजों का इलाज किया गया। यहां पर मरीजों को इसीजी की सुविधा भी प्रदान की गयी। इस अवसर पर इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी की प्रदेश महासचिव ने कहा कि रेडक्रॉस मानवता की सेवा में कार्य करने वाली संस्था है, यह संस्था आपदा, प्रशिक्षण, स्वास्थ्य और जागरूकता विषयों पर पूरे विश्व में कार्य करती है। इस वर्ष श्रावस्ती शाखा द्वारा कई अभूतपूर्व कार्य किये गये हैं, जिसमें से रेडक्रास भवन की स्थापना और जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र का संचालन बहुत ही सराहनीय है।इस अवसर पर अध्यक्ष/जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद वासियों को स्वास्थ्य व अन्य सुविधाएं मुहैया कराना ही रेडक्रास सोसायटी का मुख्य उद्देश्य है। इसी उद्देश्य से रेडक्रास सोसायटी श्रावस्ती व चरक हास्पिटल के साथ मिल कर स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया है। जिससे जनपद के नागरिकों का स्वास्थ्य ठीक रहे और उन्हें बिना कहीं जाये अपने शहर में नि:शुल्क इलाज प्राप्त हो सके।मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए कई सरकारी चिकित्सालय है। जहां लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही है लेकिन रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा विशेष नि:शुल्क हृदय जांच शिविर लगाया गया है। इससे लोगों को हृदय से सम्बन्धित बीमारियों के ईलाज हेतु काफी सुविधा मिलेगी।

# खेलते-खेलते गर्म दूध के भगोने में गिरा डेढ़ वर्षीय मासूम, झुलसकर दर्दनाक मौत



मैनपुरी में मासूम बच्चा तख्त पर बैठा खेल रहा था। तख्त के नीचे गर्म दूध का भगोना रखा था। खेलते-खेलते अचानक वह भगोने में गिर गया। इससे उसकी मौत हो गई। उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में दर्दनाक हादसा हो गया। यहां खेलते-खेलते एक मासूम गर्म दूध के भगोने में गिर गया। गंभीर रूप से झुलसने पर उसकी मौत हो गई। घटना से घर में चीख पुकार मच गई। शोर सुनकर गांव के लोग भी आ गए। ग्रामीण परेशान परिजन को ढांढस बंधाते रहे।

## भगोने में गिरने से गंभीर रूप से झुलस गया

मामला भोगांव थाना क्षेत्र के दलपतिपुर गांव का है। गांव निवासी कर्णवीर यादव का डेढ़ वर्षीय पुत्र सारस्वत बृहस्पतिवार की शाम घर के बरामदे में पड़े तख्त में बैठा खेल रहा था। तख्त के नीचे ही गर्म दूध का भगोना रखा हुआ था। परिजन अपने काम में व्यस्त थे। इसी बीच मासूम गर्म दूध के भगोने में जा गिरा। गर्म दूध में गिरने से मासूम गंभीर रूप से झुलस गया। इससे उसकी चीख निकल गई। चीख सुनकर परिजन आ गए।

## परिजन का रो-रोकर बुरा हाल

बच्चे की हालत देख परिजन की चीख निकल गई। वह आनन-फानन बच्चे को जिला अस्पताल ले गए। वहां से मेडिकल कॉलेज, सैफई के लिए रेफर कर दिया गया। शुक्रवार को इलाज के दौरान मासूम ने दम तोड़ दिया। बच्चे की मौत की खबर सुनकर माता-पिता व अन्य परिजन बेसुध हो गए। घटना के बाद परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है।

# ये कैसा प्यार: बहू को दो प्रेमियों संग रंगरलियां मनाते सास ने पकड़ा, बोली- बेटा भविष्य बनाने सऊदी गया और ये...




महाराजगंज स्थित निचलौल थाना क्षेत्र के भारत नेपाल बॉर्डर के निकट शुक्रवार आधी रात को बहू के साथ कमरे में रंगरलियां मना रहे उसके दो प्रेमियों को परिजनों ने पकड़ लिया। उसके बाद परिजनों ने दोनों को कमरे बंद कर ताला जड़ दिया। शनिवार सुबह इसकी जानकारी होने पर ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची डायल पुलिस को परिजनों ने पकड़े गए दोनों प्रेमियों को सौंप दिया। पुलिस को दिए तहरीर में बहू की सास ने बताया है कि बेटे की बीते करीब पांच वर्ष पहले कुशीनगर जिले के खड्डा थाना क्षेत्र के एक गांव में शादी की थी।

शादी के बाद दोनों की एक बेटी पैदा हुई। उसके बाद बेटे ने बेटी का भविष्य संवारने और परिवार की रोजी रोटी के सिलसिले में सऊदी अरब कमाने चला गया। बेटे के सऊदी जाने के बाद बहु मायके आना जाने लगी थी। जहां पर बहु मायके में ही दो युवकों से प्रेम कर बैठी। चोरी छिपे बहू प्रेमियों से बात करती रहती थी। शक होने पर बात को टाल देती थी। इसी बीच शुक्रवार रात को बहू ने प्रेमी को घर पर बुला लिया। आधी रात को बहू के कमरे से युवकों की आवाज सुनाई दी। खिड़की से कमरे के अंदर का नजारा देख सास दंग रह गई। सास ने कमरे में बाहर से कुंडी लगाकर परिवार के अन्य सदस्यों को इस बात की जानकारी दी। थाना प्रभारी निरीक्षक आंनद कुमार गुप्ता ने कहा कि मामले की जानकारी मिली है। जांच की जा रही है। शादी के बाद दोनों की एक बेटी पैदा हुई। उसके बाद बेटे ने बेटी का भविष्य संवारने और परिवार की रोजी रोटी के सिलसिले में सऊदी अरब कमाने चला गया।

# श्मशान में नहीं मिली जगह, सड़क किनारे युवक का अंतिम संस्कार करने को मजबूर हुए ग्रामीण



उत्तर प्रदेश के बागपत में शनिवार को दिल का झकझोर देने वाला मामला सामने आया। यहां गांव में एक युवक की मौत हो जाने के बाद उसके अंतिम संस्कार के लिए श्मशान में जगह नहीं मिली तो ग्रामीण सड़क किनारे अंतिम संस्कार करने को मजबूर हो गए।उत्तर प्रदेश के बागपत में रटौल थानाक्षेत्र में एक युवक की मौत होने के बाद उसके अंतिम संस्कार के लिए परिवार वालों को परेशनी का सामना करना पड़ा। गांव में शमशान घाट नही होने और मृतक भूमिहीन होने के कारण अंतिम संस्कार के लिए जगह नहीं मिली। जिससे क्षुब्ध ग्रामीणों ने ढिकौली-बंथला मार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया और फिर किनारे पर ही शव का अंतिम संस्कार किया। भैड़ापुर गांव के रहने वाले टीटू ( 45 ) पुत्र नत्थे पिछले कई दिनों से बीमार चल रहा थ, जिसकी बीमारी के कारण मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में शमशान घाट की भूमि पर विवाद होने के कारण ग्रामीण मौत होने पर अपने खेतों में शव का अंतिम संस्कार करते है।उन्होंने बताया कि मृतक टीटू का परिवार भूमिहीन है। जिस कारण टीटू की मौत के बाद शव का अंतिम संस्कार करने के लिए परिवार वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिसके बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए लेकर घूम रहे ग्रामीणों ने विनयपुर गेट के पास ढिकौली-बंथला मार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया और एसडीएम को बुलाने की मांग पर अड़े रहे। सूचना मिलने



पर पहुंची चांदीनगर पुलिस ने किसी तरह समझाकर जाम खुलवाया। इसके बाद सड़क किनारे मृतक का अंतिम संस्कार किया गया। गांव में भटकते रहे, लेकिन नहीं मिली जगह मृतक टीटू का अंतिम संस्कार करने के लिए परिवार वाले शवयात्रा लेकर तो चल दिए, लेकिन अंतिम संस्कार के लिए जगह नहीं मिली। काफी देर तक धूमने के बाद ग्रामीण विनयपुर गेट पर पहुंचे और शव रखकर जाम लगा दिया

## पहले भी हो चुका है यही हाल

ग्रामीण राजकुमार, रमेश ने बताया कि शमशान घाट नहीं होने के कारण भूमिहीन परिवारों को इधर उधर भटकना पड़ता है।

उन्होंने बताया कि पहले भी एक भूमिहीन की मौत होने के बाद सड़क किनारे शव का अंतिम संस्कार करना पड़ा था। जिसकी शिकायत कई बार अधिकारियों से की गई, लेकिन समस्या का समाधान नहीं कराया गया। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश का माहौल बना हुआ है।



# पुलिस व SSB के जवानों द्वारा इंडो नेपाल बॉर्डर पर किया गया पैदल गस्त



प्रेमचंद जायसवाल
क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती - श्रावस्ती नगर निकाय निर्वाचन के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के निर्देशन में जनपद में शान्ति व सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखनें हेतु पुलिस व स्स्क के जवानों द्वारा इंडो नेपाल बॉर्डर पर संयुक्त रूप से पैदल गस्त किया गया । इस दौरान पुलिस व स्स्ककी संयुक्त टीम द्वारा इंडो नेपाल बॉर्डर से सटे गाँवों तथा बार्डर एरिया पर निरन्तर पैदल गस्त के दौरान संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की चेकिंग की गयी ।नेपाल राष्ट्र की सीमा पर सतर्क दृष्टि रखने के हेतु समय-समय पर सीमा सटे हुये गावों के ग्राम सुरक्षा समिति व संम्भ्रान्त व्यक्तियों को मादक पदार्थों की तस्करी ,मानव व गौ तस्करी को रोकने के बारे मे लोगों को जागरूक किया जा रहा है तथा संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तत्काल पुलिस को देनें के बारें मे बताया जा रहा है , जिससे पुलिस द्वारा इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त असामाजिक तत्वों पर प्रभावी अकुंश लगाया जा सके पैदल गश्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा स्स्क के साथ नेपाल बॉर्डर से सटे गांव, स्थान राजपुरमोड़ , धुड़दौरिया, असनहरिया, तुरुष्मा, भरथा, सोनपथरी,गंभीरा आदि का भ्रमण कर जनमानस को सुरक्षा का एहसास दिलाया ।

# दहेज हत्या में वांछित गिरफ्तार



लंकीन प्रसाद वर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती - प्रभारी निरीक्षक जीतेंद्र कुमार सिंह थाना कोतवाली भिनगा मय पुलिस टीम द्वारा पंजीकृत मुकदमा वांछित अभियुक्त इब्राहिम उर्फ घसियारे उर्फ ढोढे पुत्र बाढ़ू निवासी लखाही बेनीनगर थाना कोतवाली भिन्गा जनपद श्रावस्ती को मुखविर खास की सूचना पर दहाना तिराहे से गिरफ्तार किया गया। गफ्फार पुत्र बहादुर निवासी वनघुसरी थाना ललिया जनपद बलरामपुर के द्वारा थाना कोतवाली भिनगा पर एक प्रार्थना पत्र दिया गया कि मेरी पुत्री को उसके ससुराल वालों के द्वारा दहेज हेतु प्रताड़ित कर मृत्यु कारित कर दिया गया है , सूचना के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया

# शाम को था तिलक, दोपहर में हो गई युवक की मौत, मातम में बदलीं खुशियां



सोनभद्र के धूमा गांव निवासी अमरेश कुमार ( 26 ) का तिलकोत्सव आज शाम होना था।घर में तिलक समारोह को लेकर तैयारी चल रही थी। दोपहर में एक हादसे में अमरेश की मौत हो गई। यूपी के सोनभद्र जिले के धूमा गांव में शनिवार दोपहर कुएं में गिरकर एक युवक की मौत हो गई। शनिवार की शाम युवक का तिलकोत्सव होना था। इस घटना से तिलक की खुशियां मातम में बदल गई। विंढमगंज थाना क्षेत्र के धूमा गांव निवासी चंद्रशेखर के बेटे अमरेश कुमार ( 26 ) की शादी क्षेत्र के एक गांव में तय थी। पांच मई को होने वाली शादी से पहले शनिवार को तिलकोत्सव का कार्यक्रम था। घर में तिलक समारोह को लेकर तैयारी चल रही थी। नाते-रिश्तेदार भी आ चुके थे। इस बीच शनिवार की दोपहर पानी की आवश्यकता को देखते हुए अमरेश घर से कुछ दूर स्थित कुएं में लगे पंपसेट को चालू करने के लिए गया। पंपसेट को चालू करने के लिए कुएं से बाल्टी से पानी निकाल रहा था। इस दौरान अचानक पैर फिसलने से वह कुएं में गिर गया। .मौके पर मौजूद परिजन और रिश्तेदार उसे कुएं से निकालकर अस्पताल ले गए, जहां देखते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। तिलक समारोह से कुछ घंटे पहले मातम छा गया। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सीएचसी दुद्धी भेज दिया।

## बजने थे मंगल गीत होने लगा मातम

दुद्धी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में शादी से तीन दिन पहले युवती की मौत से लोग सन्न रह गए। शादी से चार दिन पहले अचानक युवती की तबीयत बिगड़ी और अगले दिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।एक मई को युवती की शादी होनी थी। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। बेटी की डोली सजाने की तैयारी में जुटे परिजन उसकी अर्थी उठने पर बेहाल नजर आए।

धनौरा गांव निवासी लालबहादुर की बेटी पूजा ( 20 ) की शादी म्योरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक से तय थी। एक मई को बरात आनी थी। दोनों परिवार शादी की तैयारियों में लगे थे। इस बीच बृहस्पतिवार की शाम को अचानक पूजा की तबीयत खराब हो गई। सिर चकराने और कान में तेज दर्द की शिकायत पर परिजन स्थानीय अस्पताल ले गए। उपचार के बाद भी हालत में कोई सुधार न होने पर उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। वहां शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। शव गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया। मृतका पूजा की दादी कबूतरी देवी ने बताया कि शनिवार को हल्दी-मंडप की रस्म होनी थी। पूजा की अचानक मौत से कुछ समझ नहीं आ रहा कि अब हम क्या करें।

## ओबरा परियोजना के जेई का झाड़ियों के पास मिला शव

ओबरा तापीय परियोजना में कार्यरत जेई का शव संदिग्ध हाल में मिला है। वह शुक्रवार की सुबह ड्यूटी के लिए निकले थे और देर रात परियोजना के समीप इंदिरा नगर इलाके में मृत पाए गए। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी है। मूल रूप से मिर्जापुर जिले के विंध्याचल थाना अंतर्गत बड़ा बागीचा तिराहा निवासी धनंजय ( 36 ) पुत्र गरीबदास ओबरा तापीय परियोजना में अवर अभियंता ( जेई ) के पद पर कार्यरत थे। वह परियोजना परिसर स्थित आवास में रहते थे। शुक्रवार की सुबह वह आवास से ड्यूटी के लिए निकले थे। रात करीब साढ़े नौ बजे परियोजना के समीप इंदिरा नगर इलाके में लोगों ने झाड़ियों के समीप शव देखकर पुलिस को सूचना दी। मृतक की जेब से मिले कागजात के आधार पर पहचान धनंजय के रूप में हुई। मृतक के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए है। एसओ मिथिलेश मिश्र ने बताया कि मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। पिता गरीबदास की तहरीर पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट आने पर कुछ स्पष्ट हो सकेगा।

# राजनीतिक पोस्ट डालने वाले शिक्षक को बीएसए संजय सिंह ने निलंबित

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-सोशल मीडिया पर सरकार के विरुद्ध राजनीतिक पोस्ट डालने वाले शिक्षक को बीएसए संजय सिंह ने निलंबित कर दिया है। मामले की शिकायत क्षेत्रीय विधायक संजीव दिवाकर ने शासन में की थी। जांच में आरोप सही पाने पर कार्रवाई की गई है। जलेसर विधायक संजीव दिवाकर ने बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह से शिकायत की। इसमें बताया कि ब्लॉक क्षेत्र के गांव नगला गडरिया प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक सतीश कुमार ने 12 अप्रैल 2022 को सोशल मीडिया पर राजनीतिक पोस्ट डाली। इसमें सरकार की छवि धूमिल करने, राजनीतिक पार्टी के एजेंट की तरह कार्य करना दर्शाया गया। बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री ने बेसिक परिषद सचिव को तत्काल कार्रवाई किए जाने का आदेश दिया था। बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारी जलेसर से जांच कराई।

जांच के दौरान आरोपी शिक्षक ने बार-बार कहने के बाबजूद जांच अधिकारी को न तो अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया। न ही शिकायत के विरुद्ध कोई भी साक्ष्य प्रस्तुत किए। परिणामस्वरूप शिकायती पत्र में लगाए आरोप सही पाए गए। खंड शिक्षा अधिकारी जलेसर की जांच आख्या पर बीएसए ने 20 अप्रैल को प्राथमिक विद्यालय नगला गडरिया ब्लॉक जलेसर जनपद एटा में तैनात सहायक अध्यापक सतीश कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए प्राथमिक विद्यालय नगला कोंडरा ब्लॉक जलेसर से संबद्ध किया है। ब्लॉक जलेसर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय नगला गडरिया प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक सतीश कुमार के मामले की जांच खंड शिक्षाधिकारी से कराई गई। जांच में दोषी पाए जाने पर निलंबन किया गया।-संजय सिंह, बीएसए, एटा

# काव्य संग्रह माटी की खुशबू का विमोचन संपन्न




निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- जनपद कासगंज में अपर पुलिस अधीक्षक के रूप में पदस्थ जितेंद्र दुबे के काव्य संग्रह माटी की खुशबू का विमोचन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल मुख्यालय दिल्ली में संपन्न हुआ। सी.आर.पी.एफ. के अपर महानिदेशक अंशुमान सिंह ने काव्य संग्रह माटी की खुशबू का संपादन करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता, जेल सुधारक डॉ प्रदीप रघुनंदन की उपस्थिति में इस काव्य संग्रह का विमोचन किया। काव्य संग्रह में कुल 65 रचनाएं हैं जो मानव हृदय की संवेदना, व्यथा, समसामयिक जीवन की चिंताओं और भारतीय संस्कृत की खुशबू से भरी पड़ी है। काव्य संग्रह माटी की खुशबू का विमोचन करते हुए सी.आर.पी.एफ. के अपर महानिदेशक अनुमान यादव ने कहा कि कविता मानव हृदय की अनुभूतियों को प्रतिबिंबित करने का काम करती है। साहित्य समाज का दर्पण है जो मन स्थिति समाज में होती है वही लेखक की कलम के माध्यम से कविताओं में प्रस्फुटित होती है। कवि श्री जितेंद्र दुबे ने पुलिस सेवा में रहते हुए अपने हृदय की अनुभूतियों को सजीव रखा है यह अपने आप में एक विशिष्ट बात है। उन्होंने कहा कि श्री जितेंद्र दुबे की रचनाएं भारतीय संस्कृत की झांकियां प्रस्तुत करती हैं जिसमें भाई बहन का प्यार है तो पिता का कर्तव्य भी है माता की सीख है तो पत्नी का फर्ज भी है।काव्य संग्रह माटी की खुशबू का संपादन करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता, जेल सुधारक डॉ प्रदीप रघुनंदन ने कहा कि जितेंद्र दुबे ने अपनी कलम के माध्यम से भारतीय संस्कृत की देशीय भावनाओं को अपनी कविता मैं प्रस्तुत किया है।उन्होंने कहा कि जितेंद्र दुबे की रचनाएं हम सब की अंतर कथाएं हैं जो अभिव्यक्ति के धरातल पर बड़ी ही संवेदनशील मर्मस्पर्शी और सजीव हैं, ऐसे अनुभवों के अनेक चित्र इस काव्य संग्रह में साकार हुए हैं जो जीवन की मधुरता को बड़ी सूक्ष्मता और सनिकटता से अभिव्यक्त करते हैं। कुल मिलाकर काव्य संग्रह माटी की खुशबू जीवन की विभिन्न विविध पक्षों का शाश्वत, सहज एवं रचनात्मक संग्रह है।इस अवसर पर पूर्व जिला शासकीय अधिवक्ता राजेंद्र शर्मा, अमित मिश्रा, मोहम्मद फुरकान,सौरभ शर्मा एडवोकेट, श्रीमती गीता मिश्रा, वीरभान सिंह परिहार सहित कई लोग उपस्थित थे। काव्य संग्रह माटी की खुशबू का विमोचन संपन्न एडि.एस.पी.कासगंज है रचनाकार डॉ रघुनंदन ने किया है संपादन सी. आर. पी. एफ. मुख्यालय में संपन्न हुआ विमोचन।

# एटा में बिजली अफसरों पर कुत्ता छोड़ा, छत से फेंकने का प्रयास

निशाकांत शर्मा-क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-बिजली चेकिंग को गए जेई, एसडीओ, स्टाफ पर दबंगों ने कुत्ता दौड़ा दिया। उन्हें छत से फेंकने का भी प्रयास किया। बिजलीकर्मियों ने किसी तरह जान बचाई। थाने में मामले की तहरीर दे दी गई है। जेई धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने तहरीर में बताया कि गुरुवार शाम को बिजली चेकिंग के लिए गांव ललहट गए थे। इस दौरान साथ में एसडीओ रोशन कुमार, सब स्टेशन का स्टाफ भी था। आरोप है कि गांव ललहट निवासी अजय कुमार बिजली चोरी करते हुए मिले। मना करने पर आरोपी ने घरवालों संग मिलकर स्टाफ पर हमला कर दिया। खींचकर छत पर ले गया और फेंकने का प्रयास किया। इतना ही नहीं घर के कुत्ते को जेई, एसडीओ, स्टाफ पर छोड़ दिया। सभी ने भागकर जान बचाई। मामले की जानकारी विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों को दी गई। शुक्रवार को जेई ने थाना जैथरा पहुंचकर मामले की तहरीर दी है। जैथरा पुलिस मुकदमे की कार्रवाई कर रही है। जेई ने आरोपियों पर सरकारी दस्तावेज फाड़ने का भी आरोप लगाया है

# एस सी डी के हिन्दी विभाग द्वारा भव्य विदाई समारोह आयोजित




सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच

लुधियाना -एस सी डी सरकारी कॉलेज लुधियाना के स्नातकोत्तर हिंदी विभाग द्वारा विदाई समारोह 2023 का आयोजन किया गया। एम ए हिंदी प्रथम वर्ष द्वारा द्वितीय वर्ष के छात्रों के लिए आयोजित इस समारोह में भव्य सांस्कृतिक गतिविधि को प्रस्तुत किया गया, जिसमें नृत्य, लोक नृत्य, स्किट, कविता, गीत, लेजी डांस की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का आगाज दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। साथ ही विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना का सामूहिक गान भी किया।

तदोपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आगाज शास्त्रीय नृत्य से हुआ तथा इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का सिलसिला जारी रहा। इसी समारोह के अकादमिक सत्र में विभाग के 4 मेधावी छात्रों नेहा, पुष्पा देवी, सूरज बरई और यशोदा को विश्वविद्यालय परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए मेधावी छात्र सम्मान से सम्मानित किया गया तथा नेहा कुमारी को विशेष सम्मान उनकी खेल उपलब्धि के लिए दिया गया। इसी समारोह में विभाग के हिंदी साहित्य परिषद के सभी सम्मानित सदस्य नेहा, आरती शर्मा, जसलीन, जोगिंदर, रजनी, आशु, प्रिया, दीक्षा, धनु और विजय को सम्मान चिह्न और प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मानित किया गया। इस विदाई समारोह का मुख्य आकर्षन मॉडलिंग रहा जिस के कुल 2 राउंड हुए इन दोनों राउंड में मिस फ्रेशर प्रिया और मिस्टर फ्रेशर विजय रहे। इसके साथ फर्स्ट रनर अप जसलीन और सेकंड रनर अप सरिता मौर्या रहीं।

# मेले मे गुम हुई 9 वर्षीय बालिका का खाकी बनी सहारा



निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना सकीट पुलिस द्वारा मेले मे गुम हुई 9 वर्षीय बालिका को अथक प्रयास के बाद परिजनों से मिलाया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत दिनांक 27.04.23 को शाम 6.00 बजे ग्राम कुल्ला मेले मे गुम हुई 9 वर्षीय बालिका को आज दिनांक 28.04.23 को समय करीब प्रातः 05.00 बजे जैन पैट्रोल पम्प के पास से सकुशल बरामद कर किया परिजनों को सुपुर्द। पुलिस द्वारा की गयी इस त्वरित कार्यवाही से बालिका के परिजनों व जनता के व्यक्तियों द्वारा भूरी भूरी प्रशंसा की गयी

# फीस वापस करने के लिए गंभीर नहीं हैं निजी स्कूल



निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- निजी स्कूलों द्वारा कोरोना काल की 15 फीसदी फीस वापस नहीं लौटाने पर नोएडा के डीएम द्वारा की गई कार्रवाई का असर कासगंज में भी दिखने लगा है। जनपद में भी अभिभावक निजी स्कूलों से 15 फीसदी फीस की वापसी की मांग करने लगे हैं। यह बात अलग है कि निजी स्कूलों में अब तक इस संबंध में कोई ठोस पहल नहीं की है। यह स्थिति तब है जब हाईकोर्ट ने 15 फीसदी फीस वापस करने के निर्देश जारी किए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक एसपी सिंह का कहना है कि जनपद में निजी स्कूलों द्वारा फीस वापसी के संबंध में क्या कार्रवाई कराई जा रही है इसकी डिटेल निजी स्कूलों से मांगी जा रही है। हाईकोर्ट के निर्देश का पालन कराने के सख्त दिशा निर्देश निजी स्कूलों को जारी किए गए हैं। कासगंज में अब तक उनके पास इस संबंध में किसी भी अभिभावक द्वारा फीस वापसी को लेकर कोई शिकायत नहीं की गई है। यदि कोई शिकायत आएगी तो संबंधित स्कूल के संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अभिभावकों को 15 फीसदी फीस स्कूल प्रबंधन वापस करें इसके प्रयास कराए जा रहे हैं। डीएम हर्षिता माथुर का कहना है कि हाईकोर्ट के निर्देशों का पालन कराने के निर्देश दिए गए हैं। निजी स्कूल संचालक हाईकोर्ट के निर्देशों का पालन कर 15 फीसदी फीस अभिभावकों को वापस करने की व्यवस्था करें। अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई होगी।

# न्यायालय द्वारा 01 आरोपी को दण्डित किया गया

निशाकांत शर्मा-क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- पुलिस की प्रभावी पैरवी एवं सतत निगरानी के चलते आज दिनांक 28.04.2023 को लूट करने के मामलों में माननीय न्यायालय द्वारा 01 आरोपी को दण्डित किया गया है। अभियुक्त अवधेश पुत्र रघुवरदयाल निवासी महाराजपुर थाना जसरथपुर जनपद एटा संबंधित मुअसं- 175/2015 धारा 342, 392, 120बी भादवि थाना जैथरा जनपद एटा को दोषी पाते हुए मा0 विशेष न्यायालय ( दस्यु प्रभावित क्षेत्र ) एटा द्वारा अभियुक्त को 05 वर्ष सश्रम कारावास एवं 500/-रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# श्रम विभाग द्वारा अभियान चलाकर 06 बाल श्रमिकों को कराया गया मुक्त



प्रेमचंद जायसवाल
क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती - जिलाद्धधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देशानुसार सहायक श्रमायुक्त सन्त पाल के नेतृत्व में बाल श्रम निरोधक अभियान श्रम विभाग, चाइल्ड लाइन, ए0एच0टी0यू0 यूनिट की संयुक्त टीम द्वारा चलाया गया, जिसके अन्तर्गत गिलौला बाजार रोड व सेमगढा बाजार रोड आदि स्थानो पर छापे मार कर कुल 6 बाल श्रमिकों को कार्य से अवमुक्त कराया गया व सेवायोजकों के विरुद्ध निरीक्षण टिप्पणी जारी कर आवश्यक विधिक कार्यवाही अपनाये जाने हेतु निरीक्षण टिप्पणी निर्गत की गई। अवमुक्त कराये गये बच्चो का चिकित्सकीय परीक्षण कराकर बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के अन्तर्गत (यथा संशोधित 2016) खतरनांक प्रक्रिया के अन्तर्गत दोषी पाये जाने वाले सेवायोजकों के विरूद्व दो वर्ष तक की सजा या 50,000/- रूपये तक जुर्माना तथा गैर खतरनाक प्रक्रिया के अन्तर्गत दोषी पाये जाने पर सेवायोजको को एक माह तक सजा या 10,000/- रूपये तक जुर्माना या दोनों दण्डित किये जाने का प्रावधान है। उन्होने सभी जनपद वासियों से अपील किया है कि 18 वर्ष से कम उम्र के बालको व किशोरों को काम पर न लगा कर उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से जोडे एवं शासन का सहयोग करें। इस दौरान श्रम प्रवर्तन अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा यूनिट टीम से देवेन्द्र मौर्या व अन्य सम्बन्धित सदस्यगण मौजूद रहे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# विधायक बगगा ने किया रेलवे पुली से चंद्र नगर तक बुड्ढे दरिया किनारे बनने वाली सडक़ निर्माण का उदघाटन



सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच

लुधियाना - विधायक मदन लाल बगगा ने विधानसभा उतरी में रेलवे पुली से चंद्र नगर तक बुड्ढे दरिया के साथ लगती मुख्य सडक़ के पुर्ननिर्माण कार्य का उदघाटन किया। वार्ड 91-92 को जोडऩे वाली इस सडक़ के निर्माण पर करीब 99 लाख रुपये की लागत आएगी। उदघाटन के उपरांत बगगा ने पास से गुजरते बुड्ढे नाले की तरफ इशारा करते हुए कहा कि करीब एक वर्ष पूर्व जब उन्होने बतौर विधायक कार्यभार संभाला तो गंदगी व बदबू के चलते इस सडक़ से गुजरना मुश्किल था। बुड्ढे नाले को फिर से बुड्ढे दरिया में बदलने के लिए उन्होने स्थानीय लोगो से सहयोग मांगते हुए कहा कि इस नाले की सफाई के पहले चरण में उन्होने नाले में से लगातार कूड़ा निकालने के लिए मशीनों की व्यवस्था करवाई। दूसरे चरण में इसमें भाखड़ा नहर से साफ पानी छुड़वा कर अंदरुनी तह तक वर्षो से जमीं गंदगी व गार का खात्मा करवाया। बुड्ढे नाले को दरिया के स्वरुप में बदलने व सफाई व्यवस्था को बरकरार रखने के लिए मोबाइल टीमों का गठन किया गया है। उक्त मोबाइल टीमें नाले में कूड़ा फैंकने वाले लोगो पर 24 घंटे कड़ी नजर रखेंगी और उन्हें समझा बुझा कर नाले को साफ रखने में मदद मांगेगी। अगर फिर भी लोग कूड़ा फैंकने से बाज नहीं आए तो सख्ती के साथ उन पर पांच हजार रुपये का जुर्माना करने के लिए नगर निगम को मजबूर होना पड़ेगा। बुड्ढे दरिया को प्रदूषण मुक्त कर दोनो तरफ सडक़ निर्माण व ग्रीन बैल्ट बनाने की योजना का जिक्र करते हुए उन्होने कहा कि प्रदूषण मुक्त बुड्ढा दरिया व साफ सूथरा विधानसभा उतरी का निर्माण उनका वर्षो पुराना सपना है। इस सपने को वह अपने विधायक कार्यकाल में साकार करने के लिए वचनबद्ध हैं। इस अवसर पर स्थानीय निवासियो के अलावा नगर निगम सहित अन्य विभागो के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# सीनियर सिटिज़न्स भवन का निर्माण पूर्ण- सांसद एवं डीसी का आभार

सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच



लुधियाना - राजगुरु नगर सीनियर सिटिज़न्स वेलफेयर एसोसिएशन (रजि.), लुधियाना की जनरल बॉडी मीटिंग ने संजीव अरोड़ा, सांसद (राज्यसभा) को सीनियर सिटिज़न्स भवन के निर्माण को पूरा करने में उनकी उदार मदद के लिए धन्यवाद और आभार व्यक्त किया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष और वरिष्ठ पत्रकार के एस चावला और महासचिव एमएस राय के अनुसार, अरोड़ा की मदद के बिना, इमारत पूरी नहीं हो सकती थी। 卐हम हमेशा अरोड़ा के ऋणी रहेंगे卐, उन्होंने टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन ने सीनियर सिटिज़न्स भवन को पूरा करने के लिए अरोड़ा को उनके मामले की सिफारिश करने के लिए उपायुक्त सुरभि मलिक को भी धन्यवाद दिया। पता चला है कि एसोसिएशन ने पंजाब के मुख्यमंत्री को सीनियर सिटिज़न्स भवन को पूरा करने के लिए मदद मांगी थी, जिसके बाद जब मामला उपायुक्त के सामने आया तो उन्होंने इस मामले की सिफारिश अरोड़ा से की। एमएस राय ने कहा कि 卐अरोड़ा ने आवश्यक निर्माण सामग्री और श्रम प्रदान करके मदद प्रदान की है।卐 यह भी बताया कि काम लगभग पांच महीने तक चला। अब भवन और चारदीवारी तैयार हो चुकी थी। हालांकि, टाइल्स और फिनिशिंग का कुछ काम बाकी है। उन्होंने कहा कि अरोड़ा के कार्यालय के कुछ लोग पहले ही एस्टीमेट लेने के लिए उनसे संपर्क कर चुके हैं और उन्हें उम्मीद है कि शेष काम जल्द ही पूरा हो जाएगा। सीनियर सिटिज़न्स भवन लगभग 500 वर्ग फुट क्षेत्र में फैला हुआ है। एसोसिएशन के लगभग 190 सदस्य हैं। इस बीच, अरोड़ा ने कहा कि उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों को उनके भवन को पूरा करने में मदद करके कोई असाधारण काम नहीं किया है। वास्तव में, उन्हें लगता है कि वरिष्ठ नागरिक समाज के लिए बड़ी संपत्ति हैं। उन्होंने कहा कि यह सभी का नैतिक कर्तव्य है कि वे किसी न किसी तरह से वरिष्ठ नागरिकों की मदद करें। उन्होंने कहा कि उन्होंने भवन को पूरा करने के लिए हर संभव मदद मुहैया करायी है। अगर जरूरत पड़ी तो उन्हें और काम करने में खुशी महसूस होगी।

# 2 परिवारों को समझा कर फिर से साथ रहने के लिए राजी किया



निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री उदय शंकर के निर्देशन में महिला थाना कैंपस स्थित नारी उत्थान केंद्र में आज दिनांक 28/04/2023 को आज आपसी मतभेदों के कारण टुटने की कगार पर दो परिवारों को समझा कर फिर से साथ रहने के लिए राजी किया गया

1. वादी प्रदीप गुप्ता पुत्र चंद्रभान गुप्ता निवासी नई बस्ती 12 बीघा थाना कोतवाली नगर जिला एटा प्रतिवादी पल्लवी गुप्ता पुत्री सुभाष चंद गुप्ता निवासी सी0226 ट्रांस यमुना कॉलोनी रामबाग जनपद आगरा 2. वादी अर्चना पुत्री गोविंद सिंह निवासी ग्राम खसुलिया थाना नयागांव जिला एटा प्रतिवादी अजीत पुत्र सुरेश सिंह निवासी कोसोन थाना घिरौर जिला मैनपुरी आपसी मतभेदों के कारण परिवार परामर्श केंद्र में उक्त दोनों परिवारों की पत्रावली प्रचलित थीं, दोनों परिवारों को परिवार परामर्श केंद्र में काउंसलिंग कर समझाया गया तो वे अपनी पिछले गलतियों को मानते हुए साथ रहने के लिए राजी हुए आज की बैठक में प्रभारी निरीक्षक ब्रह्मवती काउंसलर नीलम गुप्ता, बृजबाला, वशिष्ठ, सहित पुलिस स्टाफ हेड कांस्टेबल मिथलेश, पूजा मौजूद रहे।

# दुष्कर्म करने वाले तीन दोषियों को सजा सुनाई गई

निशाकांत शर्मा-क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-खेत पर गई किशोरी को पकड़कर ले जाने एवं बेहोश कर दुष्कर्म करने वाले तीन दोषियों को सजा सुनाई गई है। सजा सुनाने के साथ ही अर्थदंड से दंडित भी किया गया है। अर्थदंड अदा न करने पर अतिरिक्त समय तक जेल में रहना होगा। एडीजीसी प्रभात कुमार सिंह चौहान के अनुसार थाना सकरौली के एक गांव निवासी पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें बताया कि वह पंजाब में मजदूरी करता है। दोनों बेटियों को दादी के पास गांव छोड़कर गया था। 21 मार्च 2015 बेटी भाभी के साथ शौच के लिए गई थी। वापस घर आ गई थी। पेट में दर्द होने के बाद वह फिर से खेत पर गई थी। आरोपी विनोद पुत्र ओमप्रकाश निवासी नगला देवर थाना सिकंद्राराऊ हाथरस ने कपड़ा डालकर बेटी को ले गया। इसके साथ आरोपी मुकेश पुत्र रामसनेही, श्रीकृष्ण पुत्र रामवीर निवासी नगला गंगा थाना सकरौली भी साथ थे। तलाश के दौरान बेटी 200 मीटर अचेत मिली थी। आरोप थे कि विनोद खींचकर ले गया था। जिसके बाद वह बेहोश हो गई थी। पीड़िता की मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर दुष्कर्म की धारा बढ़ाई गई। पुलिस ने जांच के बाद चार्जशीट कोर्ट में दायर की। गुरूवार को दोनों पक्ष के अधिवक्ताओं ने दलील पेश की। दोनों अधिवक्ताओं की ओर से दलील सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश एक्सक्लूसिव कोर्ट पॉस्को एक्ट विपिन कुमार तृतीय ने तीनों को दोषी माना। दोषी विनोद, मुकेश, श्रीकृष्ण को 20-20 साल की सजा सुनाई है साथ ही 50-50 हजार के अर्थदंड से दंडित भी किया गया है।

# "रूपवती कन्या इंटर कॉलेज" सिखेड़ा में हिफाज़त कार्यशाला का आयोजन किया

एन.राज शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच



(सिखेड़ा) नारी शक्ति वुमैन एम्पॉवर ने हापुड़ जिले के पिलखुवा शहर के 卐रूपवती कन्या इंटर कॉलेज卐 सिखेड़ा में हिफाज़त कार्यशाला का आयोजन किया जिसमें छात्राओं को अपनी सुरक्षा कैसे करनी चाहिए इस बारे मैं जानकारी दी गई। हापुड़ प्रभारी श्वेता जिंदल जी ने छात्राओं को बताया की आपका सबसे बड़ा हथियार आपका खुद पर भरोसा यानी की आत्मविश्वास होता है जिससे आप अपने आप को सुरक्षित रख सकते है। राष्ट्रीय अध्यक्ष शोभा चौधरी जी और सोनी भारत जी ने आत्मसुरक्षा के कुछ गुण भी छात्राओं को सिखाए और द्वश्ड्डद्बद्यद्ग × ह्यश्चद्गड्डद्य द्वद्गस्त्रद्बड्ड का सदुपयोग पर जानकारी दी तथा इनके दुरुपयोग पर भी सचेत किया। अच्छी शिक्षा, आत्मविश्वास और आत्म सुरक्षा ही बेहतर कल का निर्माण करती है, इस वक्तव्य के साथ कार्यशाला का समापन किया गया। संस्था के पदाधिकारियों द्वारा छात्राओं और सभी शिक्षक गणों को शपथ दिलाई गई- मैं शपथ लेती हू की घरेलू हिंसा, यौन शौषण, बाल विवाह, दहेज, छेड़छाड़, भ्रष्टाचार, कन्या भ्रूण हत्या, बाल शोषण सहित किसी भी कुरीति का प्रतिभाग नही बनूंगी,न ही किसी अन्य को प्रताड़ित होने दूंगी। अगर मेरे सामने ऐसा कुछ भी होता है मैं महिला हेल्पलाइन no 1090 or 1081 पर संपर्क करूंगी। स्कूल की प्रधानाचार्य- मोनिका शर्मा जी ने संस्था के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया की उन्होंने हिफाजत कार्यशाला के माध्यम से छात्राओं को अपनी सुरक्षा और आत्म रक्षा की जानकारी दी। प्रधानाचार्य मोनिका शर्मा जी को नेहा चौधरी जी और संस्था के अन्य अधिकारियों ने संस्था का प्रतीक चिन्ह प्रदान कर तहें दिल से धन्यवाद दिया उपस्थित सदस्य-नारी शक्ति वुमैन एम्पॉवर हापुड़ शाखा से राष्ट्रीय अध्यक्ष शोभा चौधरी जी हापुड़ प्रभारी श्वेता जिंदल जी पिलखुवा हेड नेहा चौधरी जी सेल्फ डिफेंस ट्रेनर सोनी भारत जी रूपवती कन्या इंटर कालेज सिखेड़ा से प्रधानाचार्य मोनिका शर्मा जी एवं समस्त अध्यापिकाएं

# झोपड़ी में आग लगने से बालक चंदन की मौत



निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-अलीगंज - थाना जसरथपुर के गांव खजुरियाना में खेल-खेल में झोपड़ी में आग लगने से बालक चंदन की मौत हो गई। बताया गया है कि उसके बाबा ने खेत के बीचोंबीच झोपड़ी बना रखी थी। बाबा काम पर निकलने से पहले झोपड़ी में तार से बांधकर गेट लगाकर जाते थे। ताकि कोई उसमें न घुसे। बाबा की रखी माचिस को चंदन ने जलाया, जिससे हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि शुरुआत में दोनों भाई झोपड़ी में अंदर घुस गए थे। छोटा भाई श्याम बाहर निकल आया था। बड़ा भाई चंदन तार के गेट को नहीं खोल पाया था और उसी में फंसकर रह गया था। वह काफी चीखता-चिल्लाता रहा पर कोई उसे बचा नहीं सका। एसओ केके लोधी का कहना है कि श्याम से पूछताछ की गई। उसने बताया कि दोनों ही साथ थे मगर वह पहले निकल आया था। चंदन बाबा की माचिस जलाने लगा था। माचिस जलाते ही आग लग गई और आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की चपेट में आकर चंदन की मौत हो गई है। सीओ अलीगंज सुधांशु शेखर का कहना है कि झोपड़ी में बाबा की माचिस-बीड़ी बंडल रखे था। बालक ने माचिस जलाई। इससे आग लग गई। बालक की जलकर मौत हो गई।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुई जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा- जवाहर नवोदय विद्यालय रफियाबाद में सत्र 2023-2024में कक्षा 6के प्रवेश के लिए शनिवार को बिथरीचैनपुर विकास खण्ड के बालक -बालिकाओं की प्रवेश परीक्षा नगर के दरबारी लाल शर्मा इण्टर कॉलेज केन्द्र व्यावस्थापक आशीष कुमार सिंह,खण्ड शिक्षा अधिकारी बिथरीचैनपुर अवनीश प्रताप सिंह,सी एल ओ चन्द्रशेखर,की देखरेख में सुबह 11:30से01:30बजे तक हुई।कुल पंजीकृत 359में से 287बच्चों ने ही परीक्षा दी। जबकि 72बच्चों ने परीक्षा छोड़ दी।इस मौके पर शिक्षक डॉक्टर हरमीत सिंह, रघुवीर सरन, कुसुम गंगवार, रामसिंह, राजपाल गिरिजेश बाला, डॉक्टर राजेश गंगवार, ब्रजेश कुमार शर्मा सुरेश चन्द्र आदि स्टाफ मौजूद रहा।

# डॉ ए.वी.एम पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल का आठवीं कक्षा का परिणाम शानदार रहा



सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच

लुधियाना -ईसा नगरी पुली स्थित डॉ ए.वी.एम पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल की आठवीं कक्षा का शानदार परिणाम आया है, जिसमें एक बार फिर से लड़कियों ने बाजी मारी। स्कूल के डायरेक्टर राजीव कुमार लवली ने सभी विद्यार्थियों और स्टाफ को बधाई दी है। स्कूल प्रिंसिपल मनीषा गाबा ने बताया कि आठवीं कक्षा के परिणाम में 92 प्रतिशत अंकों के साथ अंजली सिंह और शिवांगी ने सांझा स्थान हासिल किया। जिज्ञासा के 91 प्रतिशत नंबर रहे। इसी तरह विद्यार्थियन धैर्य मेहरा, परी व राजवीर कौर के क्रमशः 90 प्रतिशत नंबर रहे। नंदिनी के 88 प्रतिशत नंबर आए। गुरलीन कौर व गुरविंदर कौर के क्रमशः 87 प्रतिशत नंबर आए, जबकि जाहनवी पुरी, मुस्कान और धरिका के 86 प्रतिशत अंक आए। इसी तरह, ध्रुव व प्रशांत झा के 81-81 प्रतिशत; अमनदीप सिंह, सिमरन व कुसुम के क्रमशः 80 प्रतिशत और भूमिका के 79 प्रतिशत नंबर रहे।

# बसें सड़क पर खड़ी न हों - जिलाधिकारी

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-सड़क मार्गों पर एक्सीडेंट होने के बाद एंबुलेंस समय से पहुंचनी चाहिए। सड़कों पर आवागमन सुचारू रखने एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जनसामान्य को यातायात के नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया जाए। एनएचएआई की ओर से पीडब्लूडी के अधिकारियों के साथ हाईवे का भ्रमण कर नालों की साफ सफाई बेहतर ढंग से कराई जाए। आसपुर टोल प्लाजा से गुजरने वाले भारी वाहनों की सूची बजन सहित एआरटीओ कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए। डीएम ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए ट्रेक्टर ट्रालियों में रिफलेक्टर एवं साइन लगवाए जाएं। सड़क दुर्घटना होने के उपरान्त घायलों की सहायता करने वाले लोगों को बैठक में बुलाकर सम्मानित किया जाए। विद्यालय स्तर पर सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी देने के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन कराएं। साथ ही विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित करें। जनपद में चलने वाले ऑटो, ईरिक्शा की कलर कोडिंग कर रूट निर्धारित किए जाएं। ईओ की ओर से इस कार्य को प्रत्येक दशा में मई माह में पूर्ण कर लिया जाए। रोडबेज बस स्टैंड पर यह सुनिश्चित किया जाए कि बसें सड़क पर खड़ी न हों। मरथरा-मिरहची-मारहरा-मोहनपुर सड़क मार्ग के चौड़ीकरण कार्य कराने के लिए लोक निर्माण विभाग की ओर से आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। एडीएम प्रशासन आलोक कुमार, एडीएम वित्त एवं राजस्व आयुष चौधरी, एएसपी धनंजय सिंह कुशवाह, क्षेत्राधिकारी विक्रांत द्विवेदी, एआरटीओ सतेन्द्र कुमार, अधिशासी अभियंता पीडब्लूडी मुनीश्वर सिंह, एमएम अख्तर, डीआईओएस मिथलेश कुमार सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारीगण, समिति के सदस्य आदि मौजूद रहे।

# रिठौरा में निर्वाचन अधिकारी ने प्रत्याशियों को पढ़ाया आचार संहिता पाठ

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा।नगर पंचायत चुनाव की तारीख निकट आते ही निर्वाचन अधिकारी एवं प्रशासनिक अमला खासा सतर्क हो गया है। नामांकन और चिन्ह वितरित होते ही। शनिवार को निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सदर प्रत्युष पाण्डेय एवं अवनीश प्रताप सिंह खण्ड शिक्षा अधिकारी बिथरीचैनपुर ने संयुक्त रूप से नगर पंचायत कार्यालय प्रांगण में अध्यक्ष एवं सभासद पद के प्रत्याशियों के साथ बैठक कर उन्हें निर्वाचन सम्बन्धी विभिन्न जानकारियां दी, कार्यालय खोलना, प्रचार -प्रसार,खर्च आदि की तय सीमा में करने एवं उसका पूरा लेखा -जोखा तैयार करने एवं वोटरों को किसी प्रकार से लालच न देना आदि के विषय में विस्तार से बताया।साथ ही नियमों की अनदेखी करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी।इस मौके पर अधिशासी अधिकारी शिवलाल राम, पूर्व सभासद गोकरन लाल कश्यप, पप्पू कश्यप, विजेन्द्र भास्कर,दीपक कुमार, प्रताप सिंह पटेल,सोनू कश्यप, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# 'Our strategy backfired'... Shikhar Dhawan made a big disclosure after the match

Lucknow Super Giants won the 38th match of IPL 2023 played in Mohali. Defeated Punjab by 52 runs and secured the second position on the points table. Batting first, Lucknow scored a mammoth score of 257 runs. Chasing a mammoth target, Punjab were all out for 201 runs in 19.5 overs. Atharva Tayde and Sikandar Raza fought for Punjab. Atharva also completed his first half-century in




IPL. At the same time, Sikandar Raza scored 36 runs. There was a 50-run partnership between the two. Tayde played an inning of 66 runs. After the failure of Punjab's top-order batsmen, the middle-order batsmen took the team past 200. Shikhar Dhawan's strategy failed - After the match, Shikhar Dhawan said, "We gave away a few too many runs. We could have scored a big score. We were chasing, so it was not going to be easy at all. It's a lesson for me personally. Impact player sometimes works, sometimes it doesn't, but it is what it is. An extra bowler in the team Our strategy of inclusion failed." Punjab's poor condition- Let us tell you that a total of 458 runs were scored in this match. Lucknow scored 257 runs, which was the second highest score in the history of IPL. Punjab have lost all their matches played in Mohali this season. Punjab is at the sixth position in the points table. To stay in the playoff race, he will have to win the remaining matches by a big margin.

# Thanks to Stoinis-Meyers, Lucknow made the second highest score of IPL, defeated Punjab by 56 runs

In the 38th match of IPL 2023, Punjab Kings captain Shikhar Dhawan won the toss and decided to bowl first. Batting first, Lucknow scored 257 runs losing five wickets in 20 overs. The Punjab team was reduced to 201 runs in 19.5 overs. In the 38th match of IPL 2023, Lucknow Super Giants defeated Punjab Kings by 56 runs. Batting first after losing the toss, Lucknow scored 257 runs losing five wickets in 20 overs. Marcus Stoinis scored 72 runs in 40 balls and Kyle Mayers scored 54 runs in 24 balls. In response, the Punjab Kings team was reduced to 201 runs in 19.5 overs. Atharva Tayde played an inning of 66 runs in 36 balls. After this no batsman could score 40+. Yash Thakur took four wickets and Naveen-ul-Haq took three wickets. With this win, Lucknow has 10 points from eight matches with five wins and three losses. The team has reached the second position after Rajasthan Royals in the points table. At the same time, this was Punjab's fourth defeat in the eighth match.



The team is in sixth place with four wins and eight points. Lucknow will play their next match against Royal Challengers Bangalore on May 1 at Ekana Stadium. At the same time, Punjab has to play against Chennai Super Kings on 30 April at Chepauk. . He had lost two wickets for 31 runs. Captain Shikhar Dhawan became the victim of Stoinis by scoring one run. At the same time, Impact player Prabhsimran Singh was dismissed after scoring nine runs in 13 balls. After this, Atharva Tayde and Sikandar Raza shared a 78-run partnership for the third wicket. Yash Thakur broke this partnership. He got Sikandar Raza caught by Krunal. He could score 36 runs in 22 balls with the help of four fours and a six. After this, Atharva scored the first half-century of his IPL career. He got out after scoring 66 runs in 36 balls with the help of eight fours and two sixes. Atharv was caught by Ravi Bishnoi on his ball. After this wickets kept falling at regular intervals and the Punjab team was out of the race. Liam Livingstone 23 runs in 14 balls, Sam Karan 21 runs in 11 balls, Jitesh Sharma 24 runs in 10 balls, Shahrukh Khan was dismissed after scoring six runs in nine balls. Rahul Chahar and Kagiso Rabada could not even open the account. For Lucknow, Yash Thakur took four wickets and Naveen-ul-Haq took three wickets. Ravi Bishnoi got two wickets. At the same time, Marcus Stoinis took a wicket.

# Vinesh Phogat said on not getting the support of the cricketers in the protest, 'He has no heart'

Vinesh has questioned the silence of many star athletes including cricketers. A disappointed Vinesh said that those who didn't say a word on the matter don't have heart. India's veteran wrestlers Vinesh Phogat, Bajrang Punia and Sakshi Malik are staging an indefinite strike at Delhi's Jantar Mantar against the Wrestling Federation of India (WFI) and its president Brij Bhushan Sharan Singh. Wrestlers have made many serious allegations against Brij Bhushan including sexual exploitation. Wrestlers have been protesting for the last six days and are sleeping on the road. The wrestlers have also demanded registration of an FIR against Brij Bhushan. Several athletes including Indian Olympic Association president PT Usha, India's first Olympic gold medalist Abhinav Bindra gave statements on this matter.







However, Vinesh has questioned the silence of many star athletes including cricketers. A disappointed Vinesh said that those who didn't say a word on the matter have no heart. Speaking to a media outlet, Vinesh launched a scathing attack on the country's top cricketers, asking why they often talk about the Olympics on social media. Or comment on the achievements of athletes in games like the Commonwealth, so why are they silent on the matter? He said- The whole country worships cricket, but not a single cricketer said anything. We are not asking that you speak in our favor but at least give a neutral message and say that there should be justice for any party. This is where I suffer... be it cricketers, badminton players, athletics or boxing. Vinesh said- It is not that there are no big athletes in our country. Cricketers are… They showed their support during the Black Lives Matter movement in America. Are we not even worth it? Vinesh wonders whether it is the sponsorship agreements of cricketers and other sportspersons that are forcing them to keep quiet or is it the 'system' that they fear. Vinesh targets cricketers Vinesh said- We do not know what they are afraid of. I understand they may be concerned that making the statement will affect their sponsorship and brand endorsement agreements. Maybe that's why they're afraid to associate themselves



with the athletes who are protesting, but it pains me. You come forward to congratulate us when we win something. Even cricketers tweet when this happens. Now what happened? Are you afraid of the system? Or maybe there's something fishy going on there too. Shall we assume that there is black in his lentils too? Vinesh said- People say that the head of the wrestler is in the knees, but I would say that our heart, mind... everything is in the right place. Other athletes need to check where their mind is. He doesn't have a heart at all. Vinesh also asked the cricketers and other athletes not to support her when she wins a medal for the country if they cannot support her at the moment. 'Are cricketers scared?' Vinesh said- You put pictures, you do brand collaborations... can't you put a post that there should be justice for us, that's all we request. If we don't deserve his support in this time of struggle, God willing, if we win a medal tomorrow and we work very hard for it, then he may not come to congratulate us. Don't say you had faith in our abilities, because you don't have faith. That's why you are doubting us now. Sehwag and Kapil Dev supported the wrestlersHowever, after this statement of Vinesh, the statements of Kapil Dev, Virender Sehwag, Harbhajan Singh and Irfan Pathan have come to the fore. Captain Kapil Dev, who won the 1983 World Cup to India, posted a picture of the wrestlers on Instagram and wrote – Will they ever get justice? At the same time, former Indian cricketer Virender Sehwag wrote – It is a matter of great sadness that our champions, who have brought laurels to the country, hoisted the flag, brought so much happiness to all of us, have to come on the road today. It is a very sensitive matter and it should be investigated impartially. Hope the players get justice. Harbhajan Singh said- Sakshi, Vinesh are the pride of India. I am saddened to see my country's pride taking to the streets to protest as a sportsperson. I pray that they get justice. At the same time, Irfan Pathan said – Indian athletes are always our pride, not only when they win medals for us.

